04 देवनगर कॉलोनी की सालों पुरानी समस्या...

07 सड़क ऊंची बनने से खेत में पानी जाने से रोकने पर...



### कृषि विभाग की जमीन पर बना पंचायत, किचन शेड और आंगनबाड़ी भवन

# मप्र की पावरलेस पंचायत.. निर्माण के लिए दूसरे विभागों से लेनी पड़ती है इजाजत

नर्मदापुरम जिले में अजब गजब पंचायत पवारखेड़ा है। इस पंचायत में खुद के पास जमीन नहीं है। दूसरों की जमीन पर पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र बना हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र के नर्मदापुरम जिले में एक अजब-गजब पंचायत है। यहां सडक़, नाली, भवन व अन्य किसी भी तरह के निर्माण के लिए पंचायत इजाजत देती नहीं, बल्कि उसे खुद लेनी पड़ती है। यह पंचायत है नर्मदापुरम-इटारसी हाईवे से सटा पवारखेड़ा फार्म में है। पवारखेड़ा फार्म पंचायत में 117 परिवार रह रहे हैं।

यहां की आबादी 465 है। पंचायत की सरपंच सीमा मालवीय बतातीं हैं कि लगभग एक साल हुए सरपंच बनी हूं। एक रूपए का निर्माण कार्य नहीं हुआ, क्योंकि पंचायत के पास न तो खुद की जमीन है और न ही यहां रहने वालों के पास भूमि का मालिकाना हक। हालात तो यह हैं कि पंचायत भवन तक कृषि विभाग की जमीन पर बना हुआ है। यहां की सचिव मीनाक्षी राजपूत व सहायक सचिव हेमलता चौरसिया ने कहा- पंचायत क्षेत्र की लगभग सभी जमीन कृषि विभाग, जवाहर लाल नेहरू कृषि महाविद्यालय जबलपुर, कृषि अनुसंधान केंद्र पवारखेड़ा की है। इसलिए सडक़, नाली व पंचायत क्षेत्र में निर्माण से पहले संबंधित विभाग से एनओसी लेनी पड़ती है। इसके बाद ही काम हो पाते हैं।



### पंचायत से जुड़ी खास बातें

कृषि महाविद्यालय, सेंट्रल बैंक, कृषि विस्तार प्रशिक्षण केंद्र, कृषि अनुसंधान केंद्र, केंद्रीय मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र, नवोदय विद्यालय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र, आदिवासी कन्या आवासीय विद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी विभाग का कार्यालय इसी पंचायत क्षेत्र में है।




### शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित

पवारखेड़ा फार्म पंचायत से पीएम आवास के लिए 39 लोगों की सूची का अनुमोदन किया गया। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 55 परिवारों को भूखंड के लिए भूअधिकार योजना के फार्म भरवाए गए, लेकिन जमीन नहीं होने से लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा। पंचायत में नल जल योजना का काम भी नहीं हुआ। सरपंच ने बताया कि नवोदय स्कूल के पीछे तीन एकड़ भूखंड पंचायत को देने राजस्व विभाग को पत्र भेजा है।

### लोग ताने मारते हैं... फिर सरपंच क्यों बने



सरपंच सीमा मालवीय ने कहा महिलाओं को सशक्त बनाने मप्र की पंचायतों में आरक्षण को 33 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया। जहां सरपंच सहित सभी महिला पंच चुनकर आईं, उन्हें पिंक पंचायत का दर्जा भी मिला। लेकिन हमारी पंचायत का तो हाल ये हैं कि सरपंच को ही कोई अधिकार नहीं है। पीएम आवास व अन्य सरकारी योजनाओं का काम गांव में नहीं हो पाता। लोग ताने मारते हैं... कहते हैं फिर सरपंच क्यों बने।

### परेशानी आ रही है...

पवारखेड़ा फार्म पंचायत में सरकारी और निजी जमीन नहीं होने से परेशानी आ रही है। पथौड़ी रोड़ पर जमीन चिन्हित की है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्य चल रहा है।

**श्रद्धा पाठक,** पटवारी, पवारखेड़ा

आबादी के लिए जगह चिहिन्त कर रहे हैं। आचार संहिता के कारण काम पिछड़ गया है। जल्द की पवारखेड़ा कृषि फार्म के पास जमीन चिन्हित की जाएगी।

**भूपेंद चौकसे,** जनपद अध्यक्ष नर्मदापुरम

# पुलिस महानिरीक्षक वली व एसपी डॉ गुरकरन सिंह ने किया थानों का औचक निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम जोन इरशादवली द्वारा बुधवार रात्रि में नर्मदापुरम के केसला थाना व बैतूल के शाहपुर थाने का औचक निरीक्षक किया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों को अपराध निकाल व अपराध पैडिंग की समीक्षा की।

अपराध मर्ग, गुम इंसान, शिकायत एवं सीएम हेल्पलाइन इत्यादि के निकाल करने व थानों का निरीक्षण कर पैडिंग अपराधों की समीक्षा की गई एवं थाना क्षेत्रों में आसूचना संकलन को प्रभावी बनाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ



गुरकरन सिंह द्वारा बुधवार की मध्य रात्रि में थाना देहात नर्मदापुरम एवं डोलरिया थाने का औचक निरीक्षक किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी रजिस्टर्ड चेक कर थानों में ड्यूटी पर तैनात नाइट अधिकारी-कर्मचारी को चेक किया गया।

हवालात, सीसीटीवी कैमरे, 100 डायल वाहन को चेक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना



प्रभारियों से थानों में लंबित अपराध, चालान आदि की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की गई। लंबित गंभीर अपराधों के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। दोनों थानों में तैनात रात्रि गश्त वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के चेक किया गया एवं रात्रि गश्त के संबंध में विशेष दिशा निर्देश दिए गए।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का गुरूवार को नागपुर जाते समय फोरलेन नर्मदा ब्रिज पर कांग्रेसजनो द्वारा स्वागत किया गया। पटवारी ने नर्मदापुरम पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन कर प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की इसके पश्चात समस्त कांग्रेस जनो से रूबरू हुए। पटवारी सडक मार्ग के रास्ते भोपाल से नागपुर के लिए कांग्रेस स्थापना दिवस कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए रवाना हुए जहाँ नर्मदापुरम मे उनका कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पाण्डेय, जिला कार्यकारी अध्यक्ष फैज़ान उल हक़, जिला कार्यकारी अध्यक्ष राकेश शर्मा, केलु उपाध्याय, युकां प्रदेश सचिव गुलाम मुस्तफ़ा, कुलदीप राठौर, विवेक श्रीवास्तव, कमलेश बाथरे, अनुराग रायचंदनी, आबिद खान, नीरज सैनी, सिद्धार्थ शर्मा, ज़हीर खान आदि उपस्तिथ रहे।

# खाटू श्याम की भजन संध्या आज ग्राम बघवाड़ा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुणगान श्री खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन स्व. पं. जयंती प्रसाद शर्मा की पूर्ण स्मृति में 29 दिसम्बर शुक्रवार शाम 7 बजे से जेसी एण्ड सन्स जिला सीहोर के ग्राम बघवाड़ा में आयोजित किया गया है। गुणगान समिति के सदस्य रोहित शर्मा ने बताया कि श्री खाटू श्याम भजन संध्या में भजन गायक विशी सौरभ शर्मा इन्दौर, पिंकी मिश्रा गौरखपुर उप्र, गुलाब बारसे केसला भजनों के माध्यम से अपनी प्रस्तुती देंगे। भजन संध्या में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विदिशा सांसद रमाकांत भार्गव, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, नर्मदापुरम-इटारसी विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, भाजपा संभागीय कार्यालय मंत्री हंस राय सहित क्षेत्र के श्रद्धालूजन उपस्थित रहेंगे।

# कांग्रेसजनों ने मनाया पार्टी का 138वां स्थापना दिवस

### इंदिरा चौक पर इंदिराजी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर झंडावंदन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कांग्रेस पार्टी का 138वां कांग्रेस स्थापना दिवस स्थानीय इंदिरा चौक पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप ठाकुर द्वारा कांग्रेस पार्टी का झंडा वंदन कर मनाया। कांग्रेस पार्टी की स्थापना और उद्देश्य पर कांग्रेस नेता भूपेश थापक ने प्रकाश डाला। जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कांग्रेस पार्टी सदैव देश की एकता और अखंडता के लिए काम करती रहेगी।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बबलू राठौर, फैजान उल हक, लखन रघुवंशी ने कहा कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी दिलाने में लेकर राष्ट्र को समृद्ध बनाने के लिए सतत काम किया है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव आजाद भाटिया एवं



कमलेश बाथरे ने कहा हम सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जनता के हितों के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानी और महापुरूषों के बताएं मार्ग पर चलकर देश को दुनियां में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिए काम करेंगे। बबलू राठौर, राकेश शर्मा, फैज़ान उल हक़, गुलाम मुस्तफ़ा, अंकित दुबे, सिराज खान, शेख पप्पू, प्रताप ठाकुर, भूपेश थापक, आज़ाद भटिया, राजेंद्र दोहरे, संतोष तोमर, रामगोपाल मालवीय, आमिर, कमलेश बाथरे, मुकेश आज़ाद, दीपक सराठे, लखन रघुवंशी, मेराज उल हक़, राजू जैन, देवेन्द्र दुबे, अनुराग रायचंदनी, अभिषेक भाई, गुलशेर भाई, आदित्य मंसूरिया, सोहैल खान, हामिद खान, रामकुमार, हरीश पाल, राजकुमार भाई, यारब खान, कमलेश भाई, केदार भाई आदि बड़ी संख्या में शमिल थे।

# पचमढ़ी उत्सव का आज से शुभारंभ

### 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक होंगी आकर्षक पर्यटन गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश के सुप्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में नए वर्ष के आगाज पर पर्यटकों को नया अनुभव और रोमांच देने के लिए 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक विभिन्न पर्यटन संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत ने बताया कि 29 दिसम्बर को शाम 6.30 बजे से हाट बाजार पचमढ़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ पचमढ़ी उत्सव का शुभारंभ होगा। इसके साथ विभिन्न गतिविधियों के क्रम में 29 से 31 दिसम्बर तक शाम 6.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक पारम्परिक एवं आर्गेनिक फूड फेस्टिवल की हाटबाजार पचमढ़ी में आयोजित किया जायेगा। इसी अवधि में अर्थात 29 से 31 दिसंबर तक हाईस्कूल ग्राउंड पचमढ़ी में रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक स्टार गेजिंग, 30 दिसंबर को प्रातः 6 बजे से पचमढ़ी रन का आयोजन हाईस्कूल ग्राउंड से प्रारंभ किया जाएगा, पचमढ़ी रन बस स्टेंड, ओल्ड होटल तिराहा रीछगढ़ रोड, धूपगढ़ चौराहा, रेशम केन्द्र म्यूजियम, जय स्तंभ हाटबाजार पचमढ़ी तक आयोजित होगी। 30 दिसंबर को माढ़ादेव पचमढ़ी रोड धूपगढ़ चौराहा, रेशम केन्द्र म्यूजियम, जयस्तंभ हाटबाजार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक रॉक आर्ट पेंटिग वॉक आयोजित होगी।

शासकीय पोलो उद्यान पचमढ़ी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक बर्ड वाचिंग पोलो गार्डन ट्रेल का आयोजन होगा। 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक चंपक लेक के पास से फुटहिल रोड तक नेचर वॉक, इसी अवधि अर्थात 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक धूपगढ़ पचमढ़ी में योगा, 30 एवं 31 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक संगम जल प्रपात एवं चौरागढ़ पचमढ़ी में ट्रेकिंग, 30 एवं 31 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक बायसन लॉज जयस्तंभ राजभवन चर्च में हैरिटेज वॉक, 30 दिसंबर को हाटबाजार पचमढ़ी में शाम 6.45 बजे से आर्मी बेंड की प्रस्तुति, 30 दिसंबर को शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सूर्य नमस्कार पार्क पचमढ़ी में जुम्बा, 31 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक हाटबाजार चर्च केंट आफिस पुलिस थाना ओल्ड होटल हवाई पट्टी रीछगढ़ संगमटूर राजेन्द्र गिरी नालंदा टोला हाटबाजार तक पचमढ़ी ऑन सायकिल, 31 दिसंबर से 1 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से प्रातः 11 बजे तक वटर फ्लाई पार्क पचमढ़ी में बटर फ्लाई पार्क एक्टिविटी आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# मानव अधिकार आयोग सहकार ट्रस्ट ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मानवाधिकार आयोग सहकार ट्रस्ट की नर्मदापुरम शाखा ने आचार्य सोमनाथ शर्मा के सौजन्य से नवनिर्मित सुरभि गौशाला में औषधि वाले पौधे का रोपण किया। जिसमें मानवाधिकार आयोग सहकार ट्रस्ट की जिला अध्यक्ष नीरजा फौजदार, उपाध्यक्ष उषा अग्रवाल, विनीति जैन, जिला विधी सलाहकार गायत्री अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वंदना शर्मा एवं नगर सचिव रामगोपाल चौबे उपस्थित रहे। इस अवसर पर आचार्य सोमनाथ शर्मा ने बताया कि सुरभि गौशाला में गौमाता निवास तो करेगी ही और साथ में खाली जगह पर औषधि वाले पौधे लगाकर उनकी दवाईयां बनाकर जनहित का कार्य भी करेगें। इस नेक कार्य को देखकर सभी ने प्रसंशा की।

### ड्रोन तकनीक से दवा छिड़काव का किया जा रहा प्रदर्शन

# हितग्राहियों को किया गया हितलाभ वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा सुचारू रूप से जारी है। संकल्प यात्रा के तहत हर पात्र व्यक्ति को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा हैं। साथ ही योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने के साथ ड्रोन तकनीक के माध्यम से जवाहर छिड़काव का प्रदर्शन भी किया जा रहा है।

गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। जनपद नर्मदापुरम के ग्राम निटाया और पवारखेड़ा में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ शर्मा द्वारा विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे,जनपद सीईओ हेमंत सुत्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित




रहें। ग्राम निटाया और पवारखेड़ा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना , इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत निटाया और पवारखेड़ा में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर और बिसोनीकला, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्हावार और सिंघोड़ी , जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत नागपुरकला और पांडरी, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमखेड़ा और कलगवों, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत आरी और बज्जरवाड़ा में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपुर और शोभापुर में संकल्प यात्रा पहुंची यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# समीक्षा बैठकः वंचित पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाएं

### कलेक्टर ने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान योजना की निकायवार समीक्षा कर सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों के शेष सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं जाएं।

सभी निकायों में कैप लगाकर अगले 5 दिवस में सभी पात्रों के कार्ड बनाएं। इसी प्रकार प्राप्त आयुष्मान कार्ड का भी वितरण हितग्राहियों को कराएं। जिन हितग्राहियों के ईकेवाईसी नहीं हुआ हैं उनका ईकेवाईसी कराया जाए।



बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैंको से समन्वय कर योजनांतर्गत प्रकरण स्वीकृत और वितरित कराने में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश सभी सीएमओ को दिए। बैठक में कलेक्टर निकायवार वसूली की जानकारी ली। उन्होंने आगामी 15 दिवस में चालू और बकाया वसूली में 50 प्रतिशत तक प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि फरवरी माह के मध्य तक वसूली कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने मांस मछली दुकानों के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगरों में पार्क निर्माण और वाटरबॉडी के संबंध में व्यवस्थित डीपीआर बनाएं, ताकि वास्तविक रूप से इसका लाभ आमजन तक पहुंच सके। बैठक में कलेक्टर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 8 जनवरी तक कर सकेंगे ऑन लाइन आवेदन

**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत मप्र स्पेशल एण्ड रेसिडेशियल एकेडमिक सोसायटी भोपाल द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों में सत्र 2024-25 में कक्षा 6वी में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए परीक्षा के लिये आवेदन पत्र विभागीय पोर्टल एमपीटास पर 6 दिसंबर 2023 से 8. जनवरी 2024 तक आमंत्रित किये जा रहे हैं। प्रवेश परीक्षा 11 फरवरी 2024 दिन रविवार को सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित की जायेगी। विद्यालय में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पाठ्यक्रम से शिक्षण व्यवस्था, निशुल्क आवास, भोजन, पाठ्य पुस्तके, लेखन सामग्री, गणवेश एवं अन्य सुविधायें प्रदान की जाती है।

### ईट राईट श्री अन्न मेला 29 दिसंबर को

**बैतूल।** संतुलित भोजन, बेहतर जीवन एवं लोगों में नई खाद्य संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन के तत्वावधान में 29 दिसंबर को बैतूल के ओपन ऑडिटोरियम में ईट राईट श्री अन्न मेला का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उईके ने बताया कि वॉकथॉन अर्थात सही खान पान को बढ़ावा देने शुक्रवार सुबह 9 बजे ओपन ऑडिटोरियम से रैली निकलेगी। रैली कोठी बाजार, दिलबहार चौक से विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस ऑडिटोरियम पहुंचेगी। तत्पश्चात सुबह 11 बजे मेले का शुभारंभ किया जाएगा। डॉ. उईके ने बताया कि ईट राईट मेले में सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार के बारे में जानकारी दी जाएगी। वहीं मिलावट के लिए त्वरित परीक्षण, भोजन के स्वास्थ्य एवं पोषण लाभ, विशेषज्ञों द्वारा मिलेटस आहार संबंधी सलाह प्रदान की जाएगी। साथ ही मेले में मिलेटस आधारित व्यंजनों, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। आमजन मेले में मिलेटस आधारित व्यंजनों का लाभ ले सकेंगे।

### 31 से होगा अखंड रामायण पाठ

**भौंरा।** नगर के बजरंग मन्दिर में हर साल की तरह इस वर्ष भी नए वर्ष के उपल्छ में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति के राजेंद्र मालवीय ने बताया कि जन सहयोग से 31 दिसम्बर शनिवार को सुबह 10 बजे से नगर के बड़े बजरंग मन्दिर के परिसर में अखण्ड रामायण पाठ शुरू होगा जिसका समापन नए वर्ष पर 1 जनवरी रविवार को हवन पूजन एवं प्रसादी वितरण के साथ सम्पन्न होगा। बजरंग मन्दिर समिति के सदस्यों ने नगर के लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने का अनुरोध किया है।

### जीतू पटवारी का किया स्वागत

**भौंरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी का गुरुवार के दिन कांग्रेस के लोगों ने भव्य स्वागत किया। जीतू पटवारी भोपाल से नागपुर कार से जा रहे थे। इस दोरान भौंरा एवं शाहपुर के कांग्रेस के कार्यकरताओ ने शाहपुर कालेज के सामने एकत्रित होकर स्वागत किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ग्रामीण हेमंत बागदरे भी इस अवसर पर उपस्थित थे। स्वागत करने वालो में राहुल उइके जनपद अध्यक्ष घोड़ाडोंगरी, राकेश साहू, शिवकुमार मालवीय उपखंड भौंरा अध्यक्ष, ओम प्रकाश कवडकर, हेमंत नेमा आदि कांग्रेस के लोगों ने शामिल होकर स्वागत किया।

### 57 लोगों ने कराई शुगर, बीपी की जांच

**भौंरा।** लायंस क्लब केम्पस भौंरा द्वारा नगर में गुरुवार के दिन एक दिवसीय जांच शिविर लगाकर नागरिकों की निशुल्क बीपी एवं शुगर की जांच कर सभी को जांच रिपोर्ट दी। क्लब के लायन दीन दयाल पाटन कर ने बताया कि क्लब द्वारा जन जनभागीता निभाते हुए नगर में गुरुवार के दिन बस स्टैंड के समीप शुगर एवं बी पी की जांच के लिए शिविर लगाया था जिसमें आधा सेकड़ा से अधिक लोगों ने निशुल्क जांच कराई।

## हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद निर्माण एजेंसी अब आगे तक खोदेगी

# देवनगर कॉलोनी की सालों पुरानी समस्या होगी दूर, पुरानी में नहीं जुड़ेगी नई नाली

बडियाखेड़ी से बिलकिसगंज जोड़ तक सड़क निर्माण कर रही एजेंसी पहले पुरानी नाली से जोड़ रही थी नई नाली को।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

खबर का असर

देवनगर कालोनी के पास इस समय फोरलेन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य के दौरान ही नवीन नाली निर्माण को देवनगर की पुरानी नाली में जोड़ा जा रहा था। इसे लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी असंतोष था। हरिभूमि समाचार पत्र ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद नपा ने हरकत में आकर क्षेत्र के लोगों की समस्या के निराकरण की पहल की है। अब कालोनी की पुरानी नाली में फोरलेन की नवीन नाली को नहीं जोड़ा जाकर आगे तक बनाया जाएगा। जिससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निदान मिल जाएगा।

ज्ञात रहे कि भोपाल-बिलकिसगंज मार्ग पर स्थित देवनगर कालोनी में पिछले कुछ सालों से बारिश के दिनों में नाली का पानी घरों में घुसने की समस्या बनी हुई है। हर साल बारिश के दिनों में कालोनी में जलभराव की समस्या से लोगों को दो-चार होना पड़ता है। फोरलेन निर्माण के साथ ही नवीन नाली निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आस लगी थी कि नई नाली निर्माण को जीवन किराना स्टोर से आगे तक ले जाया जाएगा। जिससे क्षेत्र में जल भराव की समस्या का निदान हो सकेगा, लेकिन ऐसा नहीं किया जाकर नई नाली को पुरानी नाली में ही जोड़ा जा रहा था। जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में अंदर ही अंदर आक्रोश पनप रहा था। क्षेत्र के




देवनगर कॉलोनीवासी बोले: बारिश में पहले भी छोटी नाली से नहीं निकलता है पानी, अब बड़ी नाली जुड़ने से होगी समस्या

अब नहीं चल पाएगा ये सब...समस्या का समाधान नहीं निकाला तो नहीं होने देंगे आगे का काम

लोगों की इस गंभीर समस्या को हरिभूमि समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### नगर पालिका के संज्ञान में समस्या का भान होते ही कार्रवाई की शुरू

हरिभूमि समाचार पत्र में देवनगर कालोनीवासियों की समस्या की जानकारी का भान होते ही नगरपालिका ने इस दिशा में पहल शुरू की है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि क्षेत्र में बारिश के दिनों जलभराव की सालों पुरानी समस्या को हल किया जाएगा। अब नगरपालिका फोरलेन एजेंसी द्वारा बनाई जा रही नवीन नाली निर्माण का कार्य जीवन किराना स्टोर से आगे तक ले जाया जाएगा। इससे देवनगर कॉलोनी वासियों की सालों पुरानी जलभराव की समस्या का निदान मिल जाएगा।

### क्षेत्रवासियों ने नपा और हरिभूमि समाचार पत्र का किया आभार व्यक्त

देवनगर कॉलोनी वासियों की बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या का निदान मिलने पर कालोनीवासियों ने नगरपालिका और हरिभूमि समाचार पत्र का आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र के आरएस दुबे कहते हैं कि हर साल बारिश में जलभराव की समस्या को लेकर जेसीबी बुलाना पड़ती थी। अब बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या नहीं आएगी।

# पूर्व छात्र नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर तरक्की की राह दिखाएं: खंडेलवाल

## आरडी पब्लिक स्कूल की एलुमनी मीट में शामिल हुए 300 पूर्व छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




क्वालिटी एजुकेशन के लिए प्रसिद्ध बैतूल जिले का प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल में 27 दिसम्बर को सायं 6 से रात्रि 10 बजे तक एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। एलुमनी मीट में आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल के लगभग तीन सैकड़ा पूर्व छात्र-छात्रायें शामिल हुए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर ऋतु खण्डेलवाल ने एलुमनी मीट का महत्व समझाते हुए कहा कि इस विद्यालय से पढ़कर निकले विद्यार्थी वर्तमान में अध्ययनरत नई पीढ़ी के छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देकर उन्हें तरक्की की राह दिखा सकते हैं। मुख्य अतिथि खंडेलवाल ने कहा कि पूर्व छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत कर सफलता का मुकाम हासिल किया है। इसलिए वे अपने अनुभवों-संघर्ष की कहानियां वर्तमान विद्यार्थियों के साथ सांझा कर उन्हे प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा, कैरियर रोजगार और भविष्य निर्माण के लिए गाइडेंस दे। आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर ने कहा कि पूर्व छात्र-छात्राओं के अनुभव वर्तमान में स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित हो सकते है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ऋतु खंडेलवाल ने आरडी पब्लिक स्कूल के एलुमनी पोर्टल का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरडी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल हेमंत मेहर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाया। प्राचार्य ने पूर्व छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे नई पीढ़ी के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें उन्नति के पथ पर आगे बढ़ने में सहयोग करे।

### शिविर में 30 यूनिट किया रक्तदान

एलुमनी मीट के दौरान आरडी पब्लिक स्कूल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऋतु खंडेलवाल ने किया। रक्तदान शिविर में पूर्व विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा 30 यूनिट रक्तदान किया। एलुमनी मीट में पूर्व विद्यार्थियों ने शाला से जुड़ी अपनी पुरानी यादें व अनुभव सांझा किये। पूर्व छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में गेम जोन, सेल्फी पाइन्ट, 360 डिग्री सेल्फी पाइन्ट का लुफ्त भी उठाया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं कक्षा 11वीं के छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राम बभनिया एवं कुशकुंज अरोरा द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत 17 वर्षो में आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल से लगभग ढ़ाई हजार छात्र-छात्रायें पास आउट हुए है। एलुमनी मीट में शामिल 300 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर ऋतु खण्डेलवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस मुख्यालय ने पूर्व में दिए थे निर्देश

# आईजी नर्मदापुरम ने थाने का किया औचक निरीक्षण

**बैतूल/ शाहपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश के पालन में नर्मदापुरम आईजी इरशाद वली (भा पु से) द्वारा थाना शाहपुर का देर रात निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के साथ-साथ रात्रिगस्त किया ।

निरीक्षण के दौरान आईजी सर द्वारा रात्रि गस्त में लगे अधिकारी कर्मचारी को चेक किया व गस्त में लगे अधिकारी कर्मचारी को क्षेत्र में सतत पेट्रोलिंग कर संदिग्ध लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए व थाना पहुंचकर थाने की हवालात, जरायम रजिस्टर, सीएम हेल्पलाइन रजिस्टर , स्थाई वारंट , माल खाना को चेक किया और थाने के रिकॉर्ड को दुरुस्त करने, निगरानी बदमाशों की चेकिंग कर डोजियर फॉर्म भरने, अपराध निकाल व माल बरामद, स्थाई



वारंटीयो की धरपकड़ के लिए निर्देश दिए गए। थाना चेकिंग के दौरान एसडीओपी शाहपुर मयंक तिवारी, थाना शाहपुर प्रभारी निरीक्षक एबी मार्शकोल, आरक्षक विनय प्रताप, शुभम ठाकुर में रात्रि गस्त अधिकारी सहायक उप.निरी. नरेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरूवार को नागपुर में अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में शिरकत करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सड़क मार्ग से नागपुर पहुंचे। बैतूल पहुंचने पर पटवारी भोपाल का फोर लेन पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रातः काल इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों को देखकर जीतू पटवारी भावविभोर हो गए।

उन्होंने कहा कि संघर्ष का समय है और हम सब मिलकर के मेहनत करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। इस अधिवेशन में सुनील शर्मा के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता नागपुर पहुंचे। अधिवेशन में शिरकत करने प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला प्रभारी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय समन्वयक बृजभूषण पांडे, महासचिव समीर खान पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष नारायण धोटे, धीरू शर्मा सुनील जेधे, राहुल परते, राकेश शर्मा, सूरज मंडरे,



मुकेश झारे, हर्षवर्धन धोटे, मिथिलेश सिंह, प्रशांत राजपूत, भूषण सबले, प्रताप देशमुख, किशोर जैन, अशोक नागले, नंदिनी तिवारी, प्रेरणा जोशी, रज्जू मालवीय, सन्नू शर्मा, नफीस खान, संतोष यादव, नाथू पोटे, वीरेंद्र आर्य, गुलाब धोटे, भोजू मकोड़े, रविंद्र धोटे, नवनीत झा, अनिकेत प्रजापति, मोनू बाग, मोहसिन पटेल, प्रशांत मारुति, सुरेंद्र यादव, राजकुमार मालवीय, मोहसिन पटेल, गुड्डू यादव, प्रवीण तिवारी, मुकेश शर्मा, राजा सोनकपुरिया, शेख अकीब, सुरेंद्र यादव, अशफाक कुरेशी, विशाल धुर्वे, जावेद रिज़वी, योगेश तावड़े, सतीश पाल, दिनेश पटेल, मंटू मासाब, आदि सभी साथियों के साथ ऐतिहासिक स्वागत ऐतिहासिक स्वागत किया गया एवं वहीं से नागपुर रवाना हुए।

## गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को किया याद



**मुलताई।** नगर के गुरुद्वारा साहिब में गुरु गोबिंद सिंह साहिब के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह , बाबा फतेह सिंह और माता गुजरी कौर जी की महान शहादत को याद किया गया उन्होंने आज ही के दिन शहादत दी थी। जिनकी याद में ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब मुलताई में समस्त संगत ने मिलकर सुबह दीवान सजाया। कीर्तन के द्वारा उनकी शहादत को याद किया गया और अरदास हुई। इस अवसर पर गुरुद्वारे में संगत के साथ गायत्री परिवार के लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। गायत्री परिवार के संजू बरोदे ने अपने विचार गुरुद्वारा साहिब में रखें। डॉक्टर हरप्रीत कौर खुराना ने बताया कि आज के दिन सूबा सरहंद की कचहरी में नवाब ने कई प्रलोभन बाबा जोरावर सिंह जी (उम्र 9 वर्ष) और बाबा फतेह सिंह जी (उम्र 7 वर्ष) को दिए पर दोनों साहिबजादो ने अपना धर्म नही छोड़ा। उन्होंने इस्लाम कबूल नहीं किया लेकिन शहादत हंसते हंसते कबूल कर ली। जब उन्हें जिंदा ही दीवार में चुनवाने का हुक्म हुआ तब भी वे अडिग रहे और अपने धर्म की रक्षा के लिए शहीद हो गए।

## शहर में हो रहे अतिक्रमण को लेकर नपा ने ली बैठक




**बैतूल।** गुरुवार 28 दिसम्बर को बैतूल नगर पालिका के बाल मंदिर सभागृह में दोपहर 3 बजे से बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका क्षेत्र बैतूल के अंतर्गत नगर में हो रहे अतिक्रमण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य मार्गों के किनारे चूने की लाईन डालकर अतिक्रमणकारियो को चिन्हित कर उनका व्यवस्थापन करने के निर्देश खंडेलवाल ने दिए। बैठक में पार्वती बारस्कर नपाध्यक्ष बैतूल, महेश राठौर नपा उपाध्यक्ष बैतूल, तरूण कुमार ठाकरे, सभापति राजस्व एवं लेखा समिति नपा बैतूल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैतूल, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बैतूल, यातायात प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैतूल, कार्यपालन यंत्री एवं राजस्व निरीक्षक सहित नगर पालिका के पार्षद व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# मनुष्य को अपने दुखों को दूर करना है तो महादेव को चढ़ाएं जल: पंडित दुबे

### श्री शिव महापुराण कथा का तीसरा दिवस



**भौंरा।** नगर के मां बिजासन देवी मंदिर प्रांगण में मालवीय परिवार द्वारा आयोजित श्री महाशिव पुराण कथा के इस आयोजन में कथा के श्रवण करने आस पास से भारी संख्या में महिला पुरुष उमड़ रहे है।

गुरुवार को कथा के तीसरे दिन कथावाचक शुभम कृष्णा दुबे जी महाराज ने श्री महाशिव पुराण कथा की महिमा के बारे में बताया। उन्होंने ने बताया कि शिव पुराण के अनुसार भगवान शिव की पूजा, रुद्र मंत्रों का जाप, शिव मंदिर में उपवास ये मोक्ष सनातन मार्ग हैं। अतः इसे अवश्य करना चाहिए। कथावाचक शुभम कृष्णा दुबे ने बताया कि मनुष्य को एक-दूसरे के प्रति प्रेम व सम्मान के भाव को रखने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि माता-पिता का सम्मान व गुरूओं के आदर से ही हम जीवन में बेहतर मनुष्य साबित हो सकते हैं। इस संसार में कौन सुखी है, सभी दुखी है। किसी को शरीर का दुख, किसी का तन, मन और धन का दुख है इसलिए सभी दुखी है। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि उनसे ज्यादा दुखी तो बड़े-बड़े महाराज है। उनके दुख को कोई दूर नहीं कर सकता है। अपने दुख को काटना है तो स्वयं को प्रयास करना पड़ेगा और महादेव को जल चढ़ाने से सब दुख दूर हो जाएंगे। कथावाचक पंडित दुबे ने शिव पुराण कथा का रसपान कराते हुए गुरुवार को तीसरे दिन कहा कि भगवान शिव की आराधना करने वाला भक्त कभी दुखी नहीं रहता। भगवान भोलेनाथ हर भक्त की सुनते हैं। भोले की भक्ति में शक्ति होती है। भगवान भोलेनाथ कभी भी किसी भी मनुष्य की जिंदगी का पासा पलट सकते हैं। बस भक्तों को भगवान भोलेनाथ पर विश्वास करना चाहिए।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत

# सुखदेव पांसे और मैं सगे भाई हैं चिंता मत करना: जीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

सुखदेव पांसे और मैं सगा भाई हूं चिंता मत करना और आप मेरा व्यवहार तो जानते ही है उक्त बात नागपुर कांग्रेस अधिवेशन में शामिल होने जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नेशनल हाईवे ५रस्त्र स्कूल के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी युद्ध होता है जैसे ही एक युद्ध समाप्त होता है दूसरा चालू करना पड़ता है तभी विजय होती है। अब हमें आगे जो चुनाव है उसकी तैयारी शुरू करना है।



प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अब हमारे पास भाजपा का घोषणा पत्र है जब तक वह धान का मूल 3100 नहीं कर देंगे और बहनों को 3000 नहीं मिलेगा हमें बहनो एवं किसानो की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। अभी हम एक महीना शांत है लोकतंत्र में हार और जीत सिक्के के दो पहलू है आगे हमको लोकतंत्र बचाना है इसकी जवाबदारी हम सभी की है। नेशनल हाईवे वीआईपी स्कूल के सामने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भव्य स्वागत किया इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेमंत वागद्रे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य संजय यादव, पूर्व विधायक डॉ पंजाबराव बोड़खे, हाजी शमीम खान, प्रहलाद ठाकुर, कमल सोनी, पुलकित मालवीय, तकिऊल हसन रिजवी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार, सुमित शिवहरे, शेख जाकिर, अजेंद्र सिंह ठाकुर (राबीन) भीम सिंह चंदेल आदि उपस्थित थे।

## आराध्या प्रथम तो चेतन का दूसरा स्थान

# सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने किया गीता पाठ



**बैतूल।** गीता जयंती पखवाड़ा अंतर्गत प्रत्याशा महिला एवं बाल उत्थान समिति द्वारा गीता पाठ कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर कालापाठा के बच्चों ने गीता पाठ किया। अध्यक्ष प्रत्याशा संस्था तूलिका पचौरी ने बताया कि गीता के श्लोक को कंठस्थ करके आए हुए बच्चों के साथ प्रतियोगिता का आयोजन, जिसमें बच्चों ने श्लोक सुनाएं, जिसके बाद बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। जिसमें प्रथम स्थान आराध्या प्रजापति, द्वितीय चेतन, तृतीय परी प्रजापति व माही शर्मा ने प्राप्त किया। राष्ट्रीय हिंदी भाषा सलाहकार के प्रवीण गुगनानी द्वारा बच्चों को गीता पाठ का महत्व एवं श्लोक का भावार्थ बताया गया। सभी बच्चे प्रतिदिन अपने घर में गीता का पाठ करें, ऐसा बच्चों को संकल्प दिलाया। श्रीमती शकुंतला पचौरी सेवानिवृत प्राचार्य ने बच्चों को नित्य गीता पाठ करने के लाभ बताए एवं सनातन धर्म की महत्ता बताई।

सीईओ ने कहा तहसील या जवाबदार एजेंसी से संपर्क कर शिकायत करें, घरों में घुसा पानी

# सड़क ऊंची बनने से खेत में पानी जाने से रोकने पर गांव की सड़कें जलमग्न


पीडब्ल्यूडी द्वारा शोभापुर से माछा गांव तक जिस सड़क का निर्माण करवाया है उस सड़क के किनारे बसे गांवों में सड़क के किनारे पर नाली ना बनने से रहवासियों को गंदगी नुमा पानी से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



इस स्थिति किसी एक गांव की नही बल्कि यह हर उस गांव के किनारे बसे गांवों के हालात हैं जहां हाल ही में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों का निर्माण कराया गया है । बता दें प्रशासन की निष्क्रियता और सचिवों की मनमानी का नतीजा ये है कि चाहे गुरारी हो , चांदी खेड़ी हो , नीमन मुड़ा हो , सौंसारखेड़ा हो या फिर ढिकबाड़ा , बरेली हो रहवासियों के निस्तार के पानी निकालने की व्यवस्था नहीं की गई है । सड़क के किनारे बसे हर उस गांव में जहां सड़को का निर्माण किया गया है वहां सड़कों में फैला पानी गांव और ग्राम पंचायत के विकास और स्वच्छता की कहानी बयां कर रहा है । गुरारी और चांदी खेड़ी की सड़क किनारे ग्राम पंचायत द्वारा कुछ दूर तक तो नाली का निर्माण कराया गया लेकिन ये नाकाफी है रहवासियों की व्यवस्थाओं के लिए तो वहीं ढिकवाडा में निस्तार के पानी की निकासी ना होने के कारण आलम ये है कि सड़क ऊंची होने के कारण गांव का पानी कहीं से नही निकल पाने की स्थिति में जब एक खेत में जाने लगा तो किसान द्वारा फसल के बचाव हेतु खेत में पानी जाने से रोका गया जिसके परिणाम स्वरूप पूरे गांव की सड़के जलमग्न हो गई और पानी कहीं से निकलने की कोई राह पानी जैसे पतले पदार्थ को नही मिली । इस स्थिति से गुजरते हुए ग्राम के ब्रजेश पटेल ने बताया कि हमारे घरों में पानी नालियों का घुस रहा है लेकिन हमारी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रहा है । ब्रजेश पटेल की शिकायत की पुष्टि करते हुए सचिव बद्री प्रसाद बामने से समस्या के समाधान पर जानकारी लें तो उन्होंने अवकाश पत्र का हवाला देते हुए समस्याओं से किनारा करने में भलाई समझी तो वहीं ग्राम पंचायत में पानी निकासी ना होने से जब सीईओ संतोष अग्रवाल से हमने जानकारी ली तो उन्होंने अनजान बनते हुए समस्या के समाधान के लिए तहसील वा अन्य एजेंसियों से जानकारी लेने की बात कही । दरअसल ये लापरवाहियां किसी एक ग्राम पंचायत के किसी एक सचिव या किसी एक ग्राम की नही है विकासखंड की अधिकांश पंचायतों में ये स्थितियां जब निर्मित होती है तो फिर प्रशासन की कार्य प्रणाली पर उच्च अधिकारियों को चिंतन और मनन करने की आवश्यकता है कि आखिर आयदिन हर दूसरी पंचायत की शिकायतें आना स्वाभाविक है या फिर इसके पीछे की वजह आकस्मिक या प्रशासन की कार्य प्रणाली द्वारा निर्मित है? ग्राम वासी मंजेश पटेल, रेवाराम कुशवाहा, ब्रजेश पटेल इत्यादि अनरको ग्राम वासी प्रशासन से जानना चाहते हैं कि ग्राम पंचायत के किनारे की सड़के पीडब्ल्यूडी बनाएगी या फिर ग्राम पंचायत द्वारा पानी के निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए।

## वरिष्ठ पत्रकार पचौरी को पितृशोक



**सेमरी हरचंद।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुनील पचौरी के 85 वर्षीय पिता महेश चंद्र पचौरी का स्वर्गवास हो गया। स्व महेश चंद्र पचौरी अपने पीछे दो पुत्र पुत्री एवं परिवार को छोड़कर चले गए उनके निधन के समाचार से नगर में अशोक की लहर व्याप्त है।

## भव्य कलश यात्रा निकली



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्रीमद् स्कंद महापुराण कथा के आरंभ में ग्राम वंशीखैरी में कलश यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई जिसमें कथा के सूत्रधार यशवंत सिंह राजपूत ने बताया कि इस साथ दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन रुद्राभिषेक चार धाम दर्शन का दिव्य आयोजन एवं रात्रि कालीन में अनेको कार्यक्रम रखे गए हैं। जिनमें गणगौर महोत्सव गरबा भजन , जस और माता का जागरण रखा गया है कलश यात्रा में अनेको गढ़मान्य नागरिक उपस्थित रहे। ठाकुर हरगोविंद सिंह पुराविया, भरत पटेल, आनंद पटेल, करतार सिंह, सहाब पटेल एवं पूरे क्षेत्र के बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु कलश यात्रा में उपस्थित रहे।

# बच्चों ने इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय का किया भ्रमण

बच्चों में जिज्ञासा का शिक्षकों ने किया समाधान




हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

बाल्यावस्था जिज्ञासा का अथाह सागर है। इस उम्र में छात्र-छात्राओं में तर्क वितर्क करने की अद्भुत क्षमता होती है। उनकी जिज्ञासा का अंत कुशल शिक्षक और संस्थानों के माध्यम से होता आ रहा है इसी तारतम्य में भारतीय संस्कृति शिक्षण संस्थान द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर छत्र-छात्राओं को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल ले जाया गया जोकि भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व केअच्छे संग्रहालय में से एक है। यह शैक्षणिक दृष्टि से बच्चों के लिए बहुत ही उचित दर्शनीय स्थल है। उक्त शैक्षणिक भ्रमण में संस्था के छात्र-छात्राओं ने जनजातीय आवास, जनजातीय जीवन, भारत के हर प्रांत का सचित्र वर्णन, हिमालय गांव, पुनित वन, सेल कला धरोहर आदि गुरुग्राम, कुम्हार पारंपरिक तकनीक, पार्क, तटीय गांव इत्यादि के बारे में संग्रहालय में जानकारी ली। छात्रों में कलाकृतियों को देखकर उनके अंदर के कौतूहल को शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके प्रश्नों का उत्तर देकर शांत किया तो वहीं धार्मिक दृष्टिकोण से 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक भोजपुर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराकर बच्चों को संस्कार और संस्कृति से जोड़ते हुए उत्साह पूर्वक अपने गंतव्य को लौटे। संचालक डॉ विकास दुबे, सुदीप दुबे ने बच्चों के इस शैक्षणिक भ्रमण को सार्थक वा सर्वांगीण विकास के लिए सहयोगी बताया। उन्होंने प्रधान पाठक हेमंत भार्गव और शिक्षक शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

## कांग्रेस के स्थापना दिवस पर किए फल वितरण



**पिपरिया।** कांग्रेस का स्थापना दिवस पर गुरूवार को ब्लॉक अध्यक्ष शरद चौधरी सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शरद चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस ने 70 साल में वह किया है जो आज तक कोई राजनीतिक दल नहीं कर पाया है। कंप्यूटर से लेकर मोबाइल तक मोबाइल से लेकर जितनी भी इलेक्ट्रॉनिक या जो भी व्यवस्था है वह सब कांग्रेस की देन है। उन्होंने स्थापना दिवस पर वृद्धजनों से आशीर्वाद लिया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र बेलवंशी ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दी थी तथा उनसे अनुमति चाहिए थी की स्थापना दिवस के साथ ही आभार प्रदर्शन की सभा का आयोजन किया जावे लेकिन उचित जवाब न मिलने के कारण आभार सभा का आयोजन नहीं किया जा सकता है जैसे ही कमेटी निर्णय करेगी वैसे ही आभार सभा का प्रदर्शन किया जाएगा।

# मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पटवारी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का भोपाल से नागपुर जाते समय कांग्रेसियों ने होशंगाबाद में नर्मदाब्रिज पर फूल मालाओं से स्वागत किया। पटवारी नागपुर में कांग्रेस की महारैली 'हैं तैयार हम' में शामिल होंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय गोठी, कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार उपाध्याय केलु, वीरेन्द्र अग्रवाल, भोला कलोसिया, प्रतीक मालवीय, गौरव चौधरी, और लगभग दो दर्जन से ज्यादा कांग्रेसी मौजूद रहे।

# बारदाने की कमी से समर्थन मूल्य धान की खरीदी हुई बंद

किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



समीपस्थ ग्राम बम्होरी खुर्द स्थित जयंती वेयरहाउस में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य बंद हो गया है। खरीदी केंद्र के सामने ट्रैक्टरो की कतार लग गई है। वहीं खुले में भी धान की फसल पड़ी हुई है। इस संबंध में बहारपुर समिति प्रबंधक से बात करने पर उन्होंने बताया कि बार दाने की कमी होने के कारण तुलाई बंद कर दी गई है मैं अभी होशंगाबाद में हूं शीघ्र ही बारदानो व्यवस्था करके तुलाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

# साफ्ट बेसबाल चैम्पियनशिप के लिए दो खिलाड़ी चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



8वीं राष्ट्रीय सीनियर साफ्टबेसबाल चैम्पियनशिप 2023 का आयोजन दिनांक 28 से 30 दिसंबर 2023 तक कोजीकोटी केरल मे आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में मप्र के विभिन्न जिलो से प्रतिभगियो का चयन हुआ। जिसमें नर्मदापुरम के दो खिलाडी अभिषेक बारगी एवं अश्वनी धुर्वे का भी चयन हुआ। जो मप्र टीम का प्रतिनिधित्व करेगें। इस उपलक्ष्य पर जिला नर्मदापुरम साफ्ट बेसबाल एसोसिएशन के सचिव राजेश कुमार माझी, अध्यक्ष आलोक सिंह, सहसचिव अजीत यादव, सदस्य नितेश यादव अन्य सदस्यो दारा दोनो खिलाड़ी एवं मध्यप्रदेश के टीम को बधाई दी।

# युवा मिलन समागम विचार संगोष्ठी का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



युवा मिलन समागम विचार संगोष्ठी का आयोजन भीलट बाबा देव स्थल ग्राम नांदेर में रखा गया जिसमें कई युवा साथियो ने हिस्सा लिया। युवा विचार संगोष्ठी में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई जिसमें नर्मदापुरम जिले का सबसे बड़ा आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक जो कि सिवनी मालवा क्षेत्र के अंतर्गत आता है जिसमे 52 ग्राम पंचायत है उन ग्राम पंचायतों में 150-200 आदिवासी गांव निवासरत है साथ ही 52 ग्राम पंचायतों में सरपंच भी आदिवासी समाज से आते है समस्त सामाजिक जनप्रतिनिधियों युवाओं द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में सिवनी मालवा विधानसभा को अनुसूचित जनजाति आरक्षित करने की मांग की गई। दूसरा प्रदेश स्तर पर युवा परिचय सम्मेलन कराने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही भगवान विरसा मुंडा जी की स्मृति पर प्रदेश स्तरीय बिरसा मुंडा कब्बडी प्रतियोगिता कराने पर सभी युवा साथियो से सुझाव लिए गए। आकाश कुशराम ने बताया इटारसी तहसील से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के युवा सामाजिक लीडर एवं स्टार्टअप्स ने अपनी भूमिका निभाई रोजगार में हम अपनी क्या हिस्सेदारी रख सकते है इस विषय पर भी हमें जियालाल मर्सकोले एवं पंकज ककोडिया ने मार्गदर्शन किया। साथ ही यूथ लीडरशिप को आदिवासी क्षेत्रों में कैसे डेवलप करे हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनाव में यूथ लीडरशिप देखने को मिली। इस ओर युवा पार्षद राहुल प्रधान ने हमे नेतृत्व शैली को बारीकी से समझाया। जनपद सदस्य विजय कावरे ने कहा की खेल के क्षेत्रों में हमारे युवा साथियो ने उच्चतम प्रदर्शन से आदिवासी समाज का गौरव बनाया साथ ही खेलों में ओर सक्रियता से हम प्रयासरत रहे और नशे से दूरी बनाए।

# मशरूम उत्पादन पर ऐड ऑन कोर्स प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में गुरूवार को मशरूम उत्पादन पर ऐड ऑन कोर्स प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुसुम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्र-छात्राओं को मशरूम के लाभों एवं उसकी उपयोगिता के बारे मे बताया। इसके पश्चात गणित विभाग के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके यादव ने छात्र-छात्राओं को मशरूम उत्पादन से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त मशरूम उत्पादन के प्रशिक्षक राजेश कुमार पटेल ने छात्र-छात्राओं के साथ मशरूम उत्पादन पर अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के संयोजक प्रशांत चौरसिया एवं आभार प्रदर्शन नवनीत सोनारे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. योगेश खंडेलवाल, डॉ अनुराग पाठक रोहित मालवीय छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



नगर पालिका द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर विधायक प्रेमशंकर वर्मा, नपा अध्यक्ष रितेश जैन, एसडीम प्रमोद सिंह गुर्जर, सीएमओ शीतल भलावी एवं सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें 1 जनवरी को सभी विभागों के संयुक्त सहयोग से शासन के निर्देश अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें सिवनी मालवा शहरी क्षेत्र में यात्रा का प्रवेश, स्वागत प्रधानमंत्री का संदेश, संकल्प वीडियो फिल्म प्रदर्शन, मेरी कहानी मेरी जुबानी, ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मान आदि आयोजित किए जाएंगे। जिसमें मुख्य रूप से नगरीय क्षेत्र में शासन से संबंधित योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि योजना की जानकारी दी। बैठक में मुख्य लिपिक संजय गोयल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गौर, पार्षद अखिलेश खेमचंद चौकसे, सरिता प्रदीप अग्रवाल, रचना अयूब लहरी, प्रशांत यादव, गीता बाई तुलसीराम कुशवाहा, अनुराधा दीपक दीक्षित, ईश्वर दास जमीदार, दुर्गेश उईके, सुनीता सुरेश सूर्यवंशी, किरण शिव राठौर, दीपक वाथव, स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, राजस्व उप निरीक्षक अमर सिंह उइके, सचिन मलैया एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। नपा अध्यक्ष रितेश जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री की मनसा अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है जिसमें शासन से संबंधित योजनाओं का प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इसके लिए बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें सिवनी मालवा शहरी क्षेत्र में 1 जनवरी को यह यात्रा प्रवेश करेगी मैं शहर के सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन से संबंधित योजनाओं का लाभ ले सकते है।

महाराणा प्रताप कप राज्य स्तरीय कबड्डी के फाइनल मुकाबले में

# पुरुष में भोपाल, महिला वर्ग में बैतूल जीती

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



राजपूत समाज के तत्वावधान में आयोजित महाराणा प्रताप कप राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग का मुकाबला भोपाल और महिला वर्ग का मुकाबला बैतूल की लड़कियों ने जीत लिया। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला आरसीसी भोपाल और विक्रम स्पोर्ट्स क्लब इंदौर के बीच हुआ जिसे आरसीसी भोपाल ने जीत लिया। महिला टीम का फाइनल मुकाबला आईसीसी बनखेड़ी और जिला संघ बैतूल के बीच खेला गया जिसमें जिला संघ बैतूल ने जीता। गांधी स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 28 टीम और महिला वर्ग की 18 टीमों ने शिरकत की थी। विजेता टीमों को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर , सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष दशरथ सिंह चौधरी, राजपूत समाज के अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

### महिला पदाधिकारी भी रहीं मौजूद

कबड्डी प्रतियोगिता में करणी सेवा परिवार की प्रदेश अध्यक्ष ममता जितेन्द्र सिंह सोलंकी, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष सविता मोर, प्रदेश महासचिव सुनीता राजपूत, अध्यक्ष राधिका शेखावत, जिला अध्यक्ष गौरी आशीष सिंह तोमर, जिला प्रभारी सुनीता पवार, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष माया, मीडिया प्रभारी अंजू राजपूत सोलंकी पिपरिया से आई तहसील अध्यक्ष बृज लता तोमर, संभाग उपाध्यक्ष हर्ष लता राजपूत, तहसील प्रभारी विनीत राजपूत इटारसी, तहसील अध्यक्ष सीमा राजपूत, तहसील प्रभारी आभा ठाकुर, कार्यकारिणी अध्यक्ष शारदा राजपूत, उपाध्यक्ष कमलेश राजपूत, गीता ठाकुर, शारदा राजपूत, कमलेश राजपूत, बबीता राजपूत, संगीता राजपूत, रजनी सोलंकी, सीमा भदौरिया, पूनम सोलंकी, रितु सोलंकी, शक्ति राजपूत और अन्य उपस्थित थीं।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने माखननगर के तबला वादक ने दी ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह कार्यक्रम के लिए माखन नगर के तबला वादक लोकेश चौधरी को चयन किया गया था। माखन नगर के लोकेश चौधरी ने बताया कि एक साथ 1500 तबला वादकों ने 22 मिनट तक तीन ताल व वंदेमातरम की धुन पर प्रस्तुति देकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। माखन नगर के कलाकारों की इस उपलब्धियां पर तबला गुरु मनीष कुशवाह, एवं सहित मित्रों, स्वजन और संगीत कला प्रेमियों ने बधाई दी है। राष्ट्रगीत वंदे मातरम की धुन पर दी प्रस्तुति। गौरतलब है कि संगीत सम्राट तानसेन की नगरी ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह में अपराजेय भारतीयता के विश्वगान राष्ट्रगीत वंदे मातरम की धुन पर "ताल दरबार" ने राष्ट्रीयता का उद्घोष करते हुए 1500 तबला वादकों ने अपनी प्रस्तुति देकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड संस्था का प्रमाण पत्र ग्रहण किया था।

# हिट एंड रन कानून का ट्रक ड्राइवरों ने एकजुट होकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



ट्रक ड्रायवरों ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत हिट-एंड-रन मामलों पर प्रस्तावित कानून का विरोध किया। गुरुवार को यहां रेलवे मालगोदाम पर एकत्र ट्रक ड्रायवरों ने एक्ट की कठोर धाराओं को वापस लेने की मांग की। नये कानून में एक्सीडेंट पर 10 साल की जेल की सजा और पांच लाख जुर्माना सहित कड़े प्रावधान से ड्रायवर भयभीत हैं। ट्रांसपोर्टरों का मानना है कि वैसे ही ट्रांसपोर्टर ड्रायवरों की कमी से जूझ रही है। ऐसे में लोग ड्राइवर के पेशे में प्रवेश करने या जारी रखने से हतोत्साहित हो सकते हैं, जिससे कमी बढ़ सकती है और आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो सकती है। ट्रांसपोर्टर वीरेन्द्रपाल सिंघ भाटिया ने कहा कि आज ट्रक ड्रायवरों ने आधा दिन हड़ताल की जिससे करीब दस लाख रुपए का नुकसान ट्रक ऑनर्स को उठाना पड़ा। हालांकि ट्रक ऑनर एसोसिएशन से जुड़े अजय टप्पू मिश्रा ने इस बात से इतर कहा कि कोई हड़ताल नहीं हुई और उनका काम बराबर चला है। डीओसी का रैक लगा था और माल बराबर लगा है। अलबत्ता उन्होंने यह कहा कि ट्रक ड्रायवरों की मांग जायज है। परिवहन क्षेत्र और ट्रक चालक, जो देश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता हैं, इस कानून के संभावित प्रभावों के बारे में आशंकित हैं। सरकार को परिवहन उद्योग के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित कानून पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने की जान देने की कोशिश, उपचार जारी

**हरदा।** गुरुवार सुबह करीब 10 बजे शहर के गणेश चौक में रहने वाले 60 वर्षीय व्यक्ति ने सूदखोरों से तंग आकर चूहामार दवाई खाकर जान देने की कोशिश की। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार जारी है। जिला अस्पताल में भर्ती अशोक पिता जेठामल पाहुजा 60 साल जो कि पुरानी सब्जी मंडी में फल बेचते हैं। पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि उन्होंने किसी व्यक्ति से रुपए ब्याज पर लिए थे जिसके बदले चार लाख रुपए लौटा दिए हैं। वहीं दो अलग-अलग बैंकों से करीब साढ़े तीन लाख का कर्ज है। जिसका रुपया वापस नहीं कर पाने के चलते उन्होंने चूहामार दवाई का सेवन कर लिया। पुलिस ने जिला अस्पताल में उनके बयान लिए हैं। वहीं डॉक्टर्स के मुताबिक व्यापारी अशोक पाहुजा की हालत खतरे से बाहर है।

### खनिज विभाग ने ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की

**हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग के निर्देश पर जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एव परिवहन की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 27 व 28 दिसंबर की मध्यरात्रि में पोखरनी रोड टिमरनी से रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर थाना टिमरनी में सुरक्षित रखा गया है। जिला खनिज अधिकारी आरपी कमलेश ने बताया कि जब तक ट्रैक्टर ट्राली के मालिक विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाईः 6 यात्री वाहनों से 5500 रुपए वसूले

**हरदा।** कलेक्टर के निर्देशन में परिवहन विभाग के दल द्वारा यात्री वाहनों की जांच की जा रही है और मोटर यान अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर वाहन मालिकों पर अर्थ दंड लगाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को निरीक्षण के दौरान परिवहन विभाग के डालने आरटीओ ऑफिस के पास वाहनों की जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 6 वाहनों पर 5500 का अर्थदंड लगाया।

### इंजीनियरिंग व्यवसाय में भविष्य के बारे में बताया

**सिराली।** गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या सिराली की छात्राओं ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं को डिप्लोमा इंजीनियरिंग और उससे जुड़े केरियर गाइडेंस के बारे में बताया गया। संस्था प्राचार्य सी. एस. चौहान ने छात्राओं को भविष्य में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी विकास भूमरकर ने छात्राओं की संबंधित विभागों के अध्यापकों से चर्चा करवाई।

### दो महिलाओं के लिए 4 लाख रुपए स्वीकृत

**हरदा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा द्वारा मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत 2 महिलाओं को 4 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। प्राधिकरण के सचिव प्रदीप राठौर ने बताया कि खिरकिया में फल-फूल का व्यवसाय करने वाले वीरू उम्र 20 वर्ष, की गत दिनों हत्या हो गई थी। वीरू पर आश्रित उसकी मां रामवती बाई पति भारत जाति बलाई निवासी खिरकिया थाना छीपाबड़ जिला हरदा को पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत राशि 1 लाख की प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा अजबसिंह निवासी इंदिरा कालोनी टिमरनी की भी गत दिनों हत्या हो गई थी। उसकी पत्नि बबीता की आय का कोई साधन नहीं है। अजबसिंह की मृत्यु उपरांत बबीता को पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत 3 लाख प्रतिकर राशि स्वीकृत की।

### निर्माण कार्यों को देखने पहुंचीं महापौर

**खंडवा।** प्रदेश शासन द्वारा शहर विकास को लेकर करोड़ों रुपए की स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं। चुनाव के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पाए थे। लेकिन आचार संहिता समाप्त हो जाने पर अब विकास कार्य निगम प्रशासन द्वारा शुरू कर दिए गए हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि गुरुवार को संतोषी माता वार्ड क्रमांक 32 में महापौर अमृता अमर यादव द्वारा निर्माणाधीन डामर रोड़ लागत 9 लाख के निर्माण कार्य का एवं कायाकल्प अभियान अंतर्गत लागत 63 लाख से निर्मित सी.सी. रोड़ का स्थल निरीक्षण किया गया।

---

### बड़े-बड़े गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण, चैंबर भी खुले पड़े

# नल-जल योजना का पानी बह रहा नाले में, कई मोहल्लों में भी ऐसे ही हालात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

यहां थाना मार्ग पर कस्बे की नल जल योजना का विद्युत मंडल कार्यालय के समीप पाइप का ढक्कन बार-बार खुलने से पानी नाले में व्यर्थ बह रहा है। इसे बंद करने पर कॉलोनी के समीप फूटे हुए पाइप से पानी बहने लग जाता है। संबंधित ठेकेदार का ध्यान आकर्षित करने पर भी समस्या यथावत है। समीप के रहवासियों में राकेश मोरे, जवानसिंह डुडवे, लालसिंह डावर आदि ने बताया कि उक्त समस्या को लेकर ठेकेदार को कई बार अवगत कराया गया है, परंतु कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वहां चैंबर भी खुला हुआ है और कॉलोनी के समीप पाइप फूटा होने से उक्त स्थिति निर्मित हो रही है।

#### खोदे गए गड्ढे बने परेशानी का सबब

*जहां ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा मिली है, वहीं कस्बे के विभिन्न स्थानों और मुख्य मार्गों पर खोदे गए गड्ढे परेशानी का सबब बन गए हैं। जबकि व्यर्थ बह रहे बहुमूल्य पानी से गली मोहल्ला और रास्तों पर कीचड़ हो रहा है। हालांकि इस योजना को पूर्ण करने की अवधि समाप्त हो चुकी है। फिर यह योजना कब पूरी होगी ? इसका जवाब किसी के पास नहीं है। इन हालातों में भी कई मोहल्ले में पानी नहीं पहुंच पाया है और ग्रामीण पेयजल का इंतजार कर रहे हैं। आए दिन खुदाई के दौरान वाल्व खराब होने और उन्हें समय पर नहीं सुधारने से ग्रामीण जन परेशान हैं। जिससे वाहन चालकों एवं ग्रामीणों को सदैव दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।*

#### इनका कहना है

ग्राम पंचायत में उक्त नल योजना अभी अधिग्रहित नहीं की है और पूरे कस्बे में योजना अस्त व्यस्त है। जिससे आए दिन उक्त स्थिति निर्मित हो रही है।

**शर्मिला लखन मंडलोई,** सरपंच ग्राम पंचायत, झिरन्या

#### इनका कहना है

नल जल योजना को शीघ्र पूर्ण करने और व्यर्थ बह रहे जल को रोकने के लिए सुधार कार्य के निर्देश ठेकेदार को दिए हैं।

**जीके गुप्ता,** प्रभारी एसडीओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भीकन गांव

---

# अवैध गैस रिफिलिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा में बुधवार रात घासपुरा क्षेत्र स्थित एक घर में गैस सिलेंडर ब्लास्ट के बाद आग लग गई। आग लगने से यहां रखें लगभग 30 गैस सिलेंडर सिलसिलेवार तरीके से फट गए थे। जिसके बाद क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया था। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल और पुलिस टीम ने आग पर काबू पाया था। अब इस मामले में कार्रवाई करते हुए कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग करने वाले आरोपी राजेश पंवार को गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुवार सुबह भी मलबे पर फायर ब्रिगेड से पानी का छिड़काव हो रहा था। उसी मलबे में 100 से ज्यादा सिलेंडर दबे हुए है। करीब 40 सिलेंडर प्रशासन ने जब्त कर लिए है। आग के दौरान पड़ोसी का प्लास्टिक गोदाम चपेट में आ गया।

#### प्रशासन ने नुकसानी का सर्वे शुरू किया

प्रशासन ने नुकसानी का सर्वे शुरू कर दिया है। पुलिस ने गैस माफिया राजेश पिता बंसत पवार को विस्फोटक एक्ट में आरोपी बनाया है। आरोपी राजेश की पत्नी और बेटा इस समय मौत से संघर्ष कर रहे है। पुलिस ने आरोपी पर आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला भी दर्ज कर लिया गया है. वहीं इस गैस टंकी ब्लास्ट की घटना में करीब 7 लोग घायल हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है।



---

### गैस टंकी ब्लास्ट मामला

## घायल मरीजों को देखने अस्पताल पहुंची महापौर और विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

घासपुरा क्षेत्र में बुधवार रात्रि में गैस की टंकियां में हुए ब्लास्ट के कारण एक बड़ा हादसा हो गया जिसमें कई लोग आग से झुलस गए जिन्हें जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।



प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि गुरुवार सुबह खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे एवं महापौर अमृता अमर यादव जिला अस्पताल पहुंचे और आग से झूलसे घायलों से मुलाकात कर परिजनों से चर्चा की साथ ही महापौर विधायक ने सिविल सर्जन एवं उपस्थित डॉक्टरो से चर्चा कर आग से झूलसे मरीजों का अच्छा इलाज हो और वे शीघ्र स्वस्थ हो चर्चा की, महापौर विधायक ने अस्पताल में इलाज करा रहे अन्य मरीजों से भी मुलाकात स्वास्थ्य को लेकर चर्चा की। जिला अस्पताल में महापौर विधायक के साथ धर्मेंद्र बजाज, पार्षद राजेश यादव, अनिल वर्मा, सुनील जैन साथ थे।

### अभाविप ने किया पोस्टर का विमोचन



**हरदा।** गुरुवार को जिले की टिमरनी के शासकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने स्वामी विवेकानंद की जयंती (युवा दिवस) के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का पोस्टर विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन करते हुए कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक नागपुरे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की जयंती महोत्सव के अंतर्गत सात दिनों तक चलने वाले आयोजन के अंतर्गत सर्व प्रथम क्रिकेट प्रतियोगिता 3- 4 जनवरी राम दादा भुस्कुटे मैदान राधाबाई की पुलिया के पास होंगी। जिसमें नगर के विद्यालय की टीमें भाग लेगी। वहीं 9 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय मे रक्तदान शिविर,12 जनवरी को भव्य शोभा यात्रा प्राचीन शंकर मंदिर से न्यू बस स्टेशन तक,13 जनवरी को राष्ट्रवादी कवि सम्मेलन रात्रि 8 बजे सूर्या टावर पर संपन्न होगा। जिसमें देश के युवा कवियों द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा। साथ ही 18 जनवरी को रेन बसेरा भवन में प्रतिभा सम्मान आयोजित किया जाएगा। जिसमें नगर के प्रतिभावान खिलाड़ियों और नगर का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

## दर्शनार्थियों की तूफान गाड़ी बेकाबू होकर ट्रक में घुसी

### ओंकारेश्वर दर्शन कर लौट रहे एक ही परिवार के 14 सदस्य घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के बड़वाह तहसील में काटकूट फाटे पर यात्रियों से भरी एक चार पहिया तुफान गाड़ी अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गई। वाहन में ओंकारेश्वर दर्शन कर लोट रहे एक ही परिवार के 14 सदस्य घायल हो गए। घटना बुधवार रात 10: 30 बजे की है।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ निवासी 14 सदस्यों का दल ट्रेन से उज्जैन आया था। जहां दर्शन के बाद उज्जैन से किराए पर गाड़ी करके ओंकारेश्वर दर्शन के लिए गए थे। वापस लौटते समय काटकूट फाटे के पास सड़क पार कर गुजर रहे ट्रक मे पीछे से गाड़ी अनियंत्रित होकर घुस गई। सुचना मिलते ही 108 मौके पर पहुंची। घायलों को बड़वाह शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी लगते ही एसडीओपी अर्चना रावत, एसआई पूजा सोलंकी सहित पुलिस बल अस्पताल पहुंचा। घायलों ने बताया कि वाहन चालक जीवन सिंह राठौड़ शराब के नशे मे था। उसे गाड़ी को धीरे चलाने के बार बार कह रहे थे। लेकिन चालक ने किसी की नहीं सुनी और तेज गती के कारण ट्रक में पीछे से घुसा दी।

हादसे में सभी सदस्य बाल बाल बच गए। इसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना में धवी गोभील, शरद गोभील, रुशन नायक, गीतंजली जायसवाल, प्रभा नायक, रवि जायसवाल,



सियाराम जायसवाल, भरत लाल नायक, पार्थ जायसवाल, श्याम गोभील, संजीत गोभील, पलक नायक, वाहन चालक जीवन राठौर घायल हुए है। वहीं बुधवार रात नगर के नर्मदा रोड पंचवटी के पास भी बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उन्हें गंभीर अवस्था में बड़वाह शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया।

## अवैध उत्खनन को लेकर जयस ने डिप्टी कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**हरदा।** जिले की टिमरनी तहसील के ग्राम धौलपुर में गंजाल नदी किनारे खेतों से अवैध उत्खनन को लेकर जयस ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर संजीव कुमार नागू को ज्ञापन सौंपा। जयस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रमेश मसकोले ने बताया कि ग्राम धौलपुर में गंजाल नदी के समीप एक खेत में खनिज विभाग की ओर से उत्खनन और परिवहन की अनुज्ञा दी गई है। मौके पर जिस स्थान पर उत्खनन हो रहा है। वहां गांव की डीपी और तारों का जाल बिछा हुआ है।वहीं माइनर के पुल पर से भारी भरकम डमफर रात और दिन बिना किसी रोक-टोक प्रशासन के आदेश को ताक पर रखकर ठेकेदार ने अवैध उत्खनन किया है। जिससे कभी भी बहुत बड़ी जनहानि हादसा होने की संभावना बनी है। इसके साथ ही माइनर के किनारे से डंपर निकलने से माइनर को भी नुकसान होगा।डीपी के पास कटाव होने से गांव की बिजली और नहर की पुलिया कभी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने की संभावना है जिससे उस क्षेत्र एवं उसके आसपास के ग्रामों को प्रभावित करेगा। पटवारी, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी, नहर विभाग, बिजली विभाग की ओर से इस तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में मांग की गई है कि इस पूरे मामले की जांच कर गांव की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई कर हो रहे अवैध उत्खनन और परिवहन की अनुज्ञा को तत्काल निरस्त किया जाएं। उन्होंने कहा कि यदि अवैध उत्खनन को नहीं रोका जाता है तो जयस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान जयस जिलाध्यक्ष राकेश ककोड़िया, राजेश यादव, जयस जिला प्रचारक रामबिलास कासदे, विजय इरपाचे, नरेंद्र ठाकुर,पंकज, सुनील, आशीष, चेतन, दिलीप उइके सहित जयस के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का किया आयोजन

**सिराली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिराली के दिव्य शक्ति भवन में निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका लाभ सिराली क्षेत्र के लगभग 80 मरीजों ने लिया। डॉक्टर प्रमोद भूमरकर एवं उनकी टीम द्वारा सभी की नेत्र जांच की गई एवं नेत्र सुरक्षा के लिए उचित परामर्श दिए गए। जांच के दौरान 20 पेशेन्ट मोतियाबिंद के एवं तीन पेशेंट नखूने के पाए गए। निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर के पश्चात ब्रह्मा कुमारीज द्वारा सभी को ब्रह्मा भोजन स्वीकार कराया गया।

## श्मशान की भूमि पर जेसीबी चलाई, बलाई समाज ने एसडीएम से की शिकायत

### कब्र उखाड़कर कुएं में फेंकने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले की गोगावां तहसील के ग्राम मोहम्मदपुर में बलाई समाज की वर्षों पुरानी श्मशान भूमि पर जेसीबी चलाकर बराबर करने और कब्र को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे समाजजन को लोगों ने मुख्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। इस बारे में उन्होंने एसडीएम भास्कर गाचले को शिकायती ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही एसडीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिया है।

#### कब्र उखाड़कर कुएं में फेंकी 15 पेड़ भी कटे

समाज के भगवान बडोले, कमल सनवाने, महेश केवड़े ने बताया कि घुघरियाखेड़ी रोड पर 20 बाय 30 फीट की मोहम्मदपुर में समाज की शमशान भूमि है। यहां कुछ लोगों ने 20 दिसंबर की रात 9 बजे जेसीबी मशीन से जेसीबी मशीन से जमीन को समतल कर दिया। यहां कब्र को जेसीबी से उखाड़कर पुराने कुएं में ट्रैक्टरों से



डाल दिया। 15 पेड़ों को भी नष्ट कर दिया।

#### फॉरेस्ट व राजस्व ने नहीं की कार्रवाई

शिकायत में बताया कि वन विभाग व गोगावा तहसीलदार ने कोई कार्रवाई नहीं की। जेसीबी मालिक पवन प्रजापत और ट्रैक्टर मालिक धर्मेंद्र पिता दयाराम, कैलाश वर्मा, गफ्फार मुंडा से विरोध किया तो उन्होंने रामचंद्र ऊर्फ मुन्ना पिता बलिया सुरागे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर श्मशान भूमि को मुक्त कराने की मांग की।

### बरसलाय में बकरियां चुराई, मगरखेड़ी में भी किया प्रयास

# चोरों ने मेनगांव थाने के पास दुकानों के नकुचे तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

पुलिस की उदासीनता के कारण क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बदमाशों ने दो अलग अलग जगहों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। खरगोन जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर मेनगांव में बुधवार की रात बदमाशों ने बस स्टैंड पर तीन दुकानों के ताले तोड़ लाखों के सामान लेकर रफू चक्कर हो गए। जिसमें एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान व दो होटलों में सेंधमारी की।



होटल से चाय व शकर सहित चिल्लर पर हाथ साफ किया। जिसके बाद दुकान संचालकों ने थाने जाकर शिकायत दर्ज की है। जय श्री अंबे सेल्स मेनगांव के संचालक नाथूलाल पाटीदार ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 9 बजे आकर देखा तो शटर के नकूचे टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा था। करीब चार हजार रुपए की चिल्लर, इलेक्ट्रॉनिक प्रेस, पंखे, टॉर्च चुरा ले गए। इसके पास मुखवास होटल व सेवक राम की होटल पर भी बदमाशों ने चोरी की। यहां से पान मसाला पाउच, शक्कर-चाय ले गए। इसके बाद थाने में शिकायत दर्ज की। मामले में पुलिस आरोपियों की खोजबीन कर रही है।

इसी तरह मेनगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरसलाय में अशोक पिता छन्नू सांगले के बाड़े से बदमाश बुधवार की रात करीब 1, 30 बजे 7-8 बकरे और बकरियां चोर चुरा ले।जिसकी शिकायत मेनगांव थाने पर की गई है।उधर कसरावद तहसील के बलकवाड़ा थाने की खलाटाका चौकी क्षेत्र में चोरों ने चोरी का प्रयास किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस गस्त के बावजूद भी चोर चकमा देकर चोरों ने मगरखेड़ी में तीसरी बार चोरी करने का प्रयास किया गया ग्राम दुकानदार संजय जायसवाल ने खलटाका पुलिस चौकी पर आवेदन देते हुए बताया है कि मेरी दुकान मगरखेड़ी में स्थित है बुधवार की बीती रात्रि को चोरों ने पीछे का गेट तोड़ने की कोशिश की गई साथ ही गेट को क्षति भी पहुंचाई है ।चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को छाती पहुंचाई। जिससे उनकी फोटो भी केमरे में कैद होती दिखाई दे रही है। चोरों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। दुकानदार ने पुलिस को बताया कि इससे पहले भी चोरों द्वारा तीन बार चोरी का प्रयास किया गया ।जिसमें एक बार चोरी करने में कामयाब भी हो गए थे जिसकी सूचना खलटाका पुलिस को भी दी गई थी तथा चोरों का तब भी अब तक कोई पता नहीं चल पाया है वहीं चोरों ने फिर बुधवार रात्रि को चोरी करने का प्रयास किया चौकी प्रभारी को सूचना देकर सीसीटीवी फुटेज दिए गए।



## कांग्रेसियों ने मनाया कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस

**सिराली।** कांग्रेसियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर डॉ रामकृष्ण चौधरी एवं स्टाफ की मौजूदगी में मरीजों को फल फ्रूट वितरण किया गया। शपथ लेकर कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी पूनम चंद भायरे उमेश पाटील रमेश मालवीय पार्षद हयात पटेल बहादुर सिंह ठाकुर लालू अग्रवाल गोलू मंसूरी शेख असलम नारायण पटेल अरुण पंडित प्रेमनारायण मालवीय अश्वनी चंदेले रामपुरा शक्ति चौरसिया गोविंद चौरे जितेन्द्र चौरसिया सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।